नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
मो. 7897475917, 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी
स्थापित 2005 ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 25.09.2021

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में 25 सितम्बर 2021 को प्रार्थना सभा में पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं प्रो. सतीश धवन की जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रम को आयोजित किया गया। जिसमें प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी, महान विचारक एवं युग चिन्तक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी जैसे महान क्रांतिकारी एवं समाज सेवक जिन्होंने राष्ट्र की सेवा एवं स्वतंत्रता आन्दोलन में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय भागीदारी हेतु ब्रिटिश हुकूमत द्वारा दी गयी नौकरी को छोड़ दिया। छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े होने के साथ अखिल भारतीय जनसंघ का निर्माण होने पर मंत्री, महामंत्री एवं अध्यक्ष पद को सुशोभित किया। इनकी अध्यक्षता में जनसंघ सुदृढ़ता एवं मजबूती के साथ ऊचाईयों को प्राप्त किया। प्रो. सतीश धवन ने इसरो के अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहते हुए भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों को नई ऊंचाई प्रदान की। वे अंतरिक्ष विज्ञान विभाग एवं भारत सरकार में सचिव भी रहे। विक्रम साराभाई के सपनों को साकार करते हुए इन्होंने भारतीय उपग्रहों के निर्माण एवं प्रक्षेपण के क्षेत्र में देश को सक्षम बनाया। इनके नेतृत्व में संचार उपग्रह, इन्सैट, दूर संवेदी उपग्रह, आई. आर. एस., ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान, पी.एस.एल.वी. के निर्माण एवं प्रक्षेपण में कामयाबी हासिल हुई जिससे भारत दुनिया के चुनिंदा प्रौद्योगिकी सम्पन्न देशों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ।

माँ भारती के ऐसे सुयोग्य सपूतों को उनकी जयन्ती पर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम के अन्त में योगाभ्यास का आयोजन किया गया जिसमें श्री विनय कुमार सिंह द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को योग का प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ASingh

डॉ. अभिषेक सिंह
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी